चौपाटियों की दुकानों के संचालन के लिए आवासन मंडल ने मांगे आवेदन

प्रताप नगर में 28, मानसरोवर में 22 और नायला में होगा 16 दुकानों का आवंटन, 31 जुलाई है अंतिम तिथि

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजस्थान आवासन मंडल ने प्रताप नगर, मानसरोवर और नायला में बनाई जा रही चौपाटियों की 56 दुकानों के संचालन एवं प्रबंधन के लिए भारतीय पारंपरिक भोजन बनाने में पारंगत व्यक्तियों से 31 जुलाई तक आवेदन मांगे हैं। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि इन चौपाटियों को जयपुर विरासत की अवधारणा पर पर्यटकों एवं आगंतुकों के लिए विकसित किया गया है, जिसमें परम्परागत भारतीय जलपान, भोजन के अनेक व्यंजन एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगे।

आवेदनकर्ता में यह योग्यता जरूरी

आवेदनकर्ता का आवेदित व्यंजनों की किस्म में आवश्यक अनुभव और पारंगत होना आवश्यक है। वर्तमान में वह उस व्यवसाय से जुड़ा होना चाहिए। आवेदनकर्ता के पास आवश्यक खाद्य लाइसेंस होना चाहिए, साथ ही 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। जिस व्यवसाय के लिए आवेदन किया जा रहा है, उस व्यवसाय का जयपुर में कम से कम एक प्रतिष्ठान होना चाहिए। गत तीन वर्ष में से कम से कम एक वर्ष का वार्षिक कारोबार जिस दुकान की किराया राशि 20 हजार रूपए प्रतिमाह है, उसके लिए 2 लाख रुपए, जिस दुकान की किराया राशि 25 हजार रुपए प्रतिमाह है, उसके लिए 3 लाख और जिस दुकान की किराया 30 हजार रुपए प्रतिमाह हो उसके लिए 5 लाख रुपए या उससे अधिक हो। एक ही दुकान के लिए एक से अधिक योग्य आवेदन आने पर आवंटन लॉटरी से किया जाएगा। आवेदन और अवंटन से जुड़ी अधिक जानकारी मण्डल की वेबसाइट www.urban.rajasthan.gov.in/rhb और sppp.rajasthan.gov.in से ली जा सकती है। संबंधित उप आवासन आयुक्त कार्यालय या कॉल सेंटर कार्यालय समय में 0141-2744688 एवं 0141-2740009 पर तथा कार्यालय समय उपरांत 9461054291-92 एवं 9460254319 पर प्राप्त की जा सकती है।

एक किलोमीटर के क्षेत्र में विकसित होगा प्रताप एवेन्यू

प्रताप नगर चौपाटी के पास 1 किलोमीटर क्षेत्र में प्रदेश का पहला प्रताप स्ट्रीट एवेन्यू विकसित किया जाएगा। इस पूरे क्षेत्र में सजावटी पौधे लगाए जाएंगे, जॉगिंग ट्रेक बनाया जाएगा, बैठने के लिए बेंच लगाकर इसे रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा। इस एवेन्यू को विदेशों की फूड स्ट्रीट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। एवेन्यू के निर्माण पर लगभग 4 करोड़ रुपए लागत आएगी। यहां पर अत्याधुनिक सैनेटाइजेशन स्टेशन भी स्थापित किया जाएगा।

बैठने को होंगी विशेष बैंचें, बड़ी होगी पार्किंग

चौपाटियों में लोगों के बैठने के लिए विशेष बैंचें लगाई जाएंगी, जहां लोग बैठकर लजीज व्यंजनों का स्वाद चख सकेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रताप नगर चौपाटी में 220, मानसरोवर चौपाटी में 180 और नायला स्थित चौपाटी में 125 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। आगतुंकों के चौपहिया और दुपहिया वाहनों के लिए पार्किंग की भी व्यवस्था रहेगी। चौपाटियों में हरियाली का विशेष ध्यान रखा जाएगा और खुले क्षेत्र को लैंडस्केपिंग के माध्यम से आकर्षक बनाया जाएगा। जगह-जगह म्यूजिक सिस्टम लगाए जाएंगे। जिन पर भारतीय शास्त्रीय संगीत के साथ-साथ यूरोपियन वाद्य संगीत भी बजेगा। विशेष अवसरों पर राजस्थानीय लोक गायकों के संगीत कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। चौपाटियों पर युवाओं आकर्षित करने के लिए सेल्फी प्वाइंट और लाइव शो भी आयोजित किए जाएंगे। सभी चौपाटियों पर एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी। इन स्क्रीनों पर मंडल की विभिन्न योजनाओं की जानकारी सहित विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रम प्रसारित किए जाएंगे।

200 करोड़ रुपए की व्यावसायिक संपत्ति का ई ऑक्शन करेगा हाउसिंग बोर्ड

राजस्थान आवासन मंडल 200 करोड़ रुपए से अधिक की व्यावसायिक संपत्तियों का ई-ऑक्शन के माध्यम से बेचान करेगा। प्रताप नगर में आयुष मार्केट की 11 दुकानों के भूखंडों के लिए 13 से 15 जुलाई को, मानसरोवर के आरएचबी आतिश मार्केट के 12 शोरूम भूखंडों का 22 से 24 जुलाई को, जयपुर और जोधपुर की प्रतिष्ठित योजनाओं में स्थित 9 बड़े व्यावसायिक और आवासीय भूखंडों की 27 से 31 जुलाई को, जयपुर के मानसरोवर और प्रताप नगर योजना तथा जोधपुर की चौपासनी योजना के व्यावसायिक और आवासीय भूखंड, जयपुर, अजमेर, बीकानेर और कोटा में स्थित प्रीमियम संपत्तियों को ई ऑक्शन के माध्यम से बेचा जाएगा। 28 आवासीय संपत्तियां और 27 व्यावसायिक संपत्तियों का 15 से 17 जुलाई और 20 से 22 जुलाई को ई-ऑक्शन होगा। मंडल द्वारा भुगतान शर्तों में भारी छूट दी जा रही है। नीलामी में अधिक लोग भाग ले सकें, इसलिए अमानत राशि बिड मूल्य के 5 प्रतिशत के स्थान पर 2 प्रतिशत ली जाएगी।

इन सामानों की दुकानों का होगा आवंटन

चौपाटियों पर बच्चों के खिलौने एवं हैण्डीक्राफ्ट, परांठा, दक्षिण भारतीय व्यंजन, उत्तर भारतीय व्यंजन, जैन, जोधपुरी व्यंजन, क्षेत्रीय भोजन, ज्यूस, फलूदा, चाय, कॉफी, फलाहार चाट, राजस्थानी व्यंजन और सिन्धी भोजन के लिए दुकानें आवंटित की जाएंगी। इन दुकानों के लिए 20,000 से लेकर 30,000 रुपए तक का किराया रखा गया है।